राजस्थान सरकार

निदेशालय, कोष एवं लेखा विभाग, राजस्थान जयपुर

क्रमांक :– एफ.10/एसीआर/विविध/14–15/707 दिनांकः–25 जून 2014

**परिपत्र**

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के सदस्यों के विगत वर्षो के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन बडी संख्या में लम्बित/ बकाया है । विभागीय स्तर पर प्रतिवेदनों की पूर्ति कराने के लिये समय समय पर विशेष प्रयास किये गये है जिसके अन्तर्गत सम्बन्धित लेखाकर्मियों को पत्र के माध्यम से लम्बित वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदनों की पूर्ति हेतु लिखने के अतिरिक्त सम्बन्धित विभागो को भी निवेदन किया जाता रहा है । यद्यपि उपरोक्त प्रयासों से काफी संख्या में पुराने वर्षो के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन प्राप्त हो रहे है तथापि अभी भी बडी संख्या में प्रतिवेदन लम्बित है । यहॉ यह भी उल्लेखनीय है कि काफी संख्या में वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन समीक्षक अधिकारी के टिप्पणी के बिना ही प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा सीधे ही भिजवाये जा रहे है इस कारण उनके चयनित वेतनमान स्वीकृत करने व विभागीय पदौन्नति समिति की बैठकें आयोजित करने में कठिनाई होने के साथ सम्बन्धित कार्मिक को पदोन्नति का लाभ समय पर नहीं मिल पाता है । अब विभागीय पदौन्नति समिति की बैठक निकट भविष्य में सम्भावित है अतः विभाग द्वारा जारी वरिष्ठता सूची दिंनाक 1.4.2014 की स्थिति को देख कर राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के कर्मियों को आवश्यक रूप से विभाग की वेब साईट पर वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन की अद्यतन स्थिति को देख कर अपने वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन पूर्ति कर प्रतिवेदक अधिकारी के हस्ताक्षर के बाद समीक्षक अधिकारी की टिप्पणी सहित भिजवावें एवं सहायक लेखाधिकारी से लेखाधिकारी के पद हेतु वर्ष 2014 (दिंनाक 1 जनवरी 2014 की स्थिति के अनुसार ) की सम्पत्ति की सूची की अद्यतन स्थिति को देखकर सम्पत्ति की सूचना भी भिजवावें ताकि आगामी आयोजित होने वाली विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में उनके नाम पर विचार किया जा सके ।

| क्रमांक | पद | दिंनाक 1.4.2014 को जारी वरिष्टता सूची का क्रम संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सहायक लेखाधिकारी से लेखाधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु | क्रम संख्या 1 से 199 तक |
| 2 | लेखाकार से सहायक लेखाधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु | क्रम संख्या 1 से 1111 तक |
| 3 | कनिष्ट लेखाकार से लेखाकार के पद पर पदोन्नति हेतु | क्रम संख्या 1 से 1183 तक |

25.6.2014.

(वीरबाला जोशी)

निदेशक

क्रमांक :– एफ.10/एसीआर/विविध/14–15/707 दिनांकः–25 जून 2014

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयध्यक्ष
2. समस्त कोषाधिकारी
3. समस्त सहायक लेखाधिकारी/ लेखाकार/ कनिष्ठ लेखाकार
4. निजी सहायक निदेशक महोदया
5. ACP (कम्प्यूटर अनुभाग) वेबसाइट पर अपलोड़ हेतु

(के. एम. मीणा)

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक– I)